हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

11 सफाई कर्मियों ने राव नरबीर को ज्ञापन देकर मांगा ...



12 शॉर्टेज की रकम का जेई पर भार विरोध में उतरी जेई...



## खबर संक्षेप

### स्पर्श हॉस्पिटल में निःशुल्क मैमोग्राफी कैंप आज

**नारनौल।** महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रोटरी क्लब रॉयल्स व रोटरी क्लब यूनिटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्पर्श हॉस्पिटल में निःशुल्क मैमोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोटरी क्लब रॉयल्स के अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने बताया कि शिविर में गुरुग्राम से विशेष मैमोग्राफी टीम आएगी, जो महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर की जांच करेगी। क्लब सचिव रोटेरियन सत्यनारायण सैनी ने बताया कि जांच के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा यतेंद्र राव होंगे। वही विशेष अतिथि डॉ. रितेश यादव, डॉ. स्वाती यादव होंगे।

### सैनी सभा का स्थापना दिवस 14 जनवरी को

**नारनौल।** सैनी सभा की ओर से 92वां स्थापना दिवस व महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह 14 जनवरी को सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया जाएगा। समारोह को भव्य रूप देने के लिए विद्यालय के छात्र छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। जिसका मुख्य आकर्षण रागिनी गायकार रमेश सैनी गढ़ी, बाल कलाकार पार्थ सैनी रेवाड़ी व साहिल सैनी नारनौलिया होंगे। समारोह के मुख्य अतिथि चेयरपर्सन नप कमलेश सैनी व अध्यक्षता हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय प्रोफेसर फूलसिंह सैनी करेंगे।

### विश्वकर्मा धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**कनीना।** कनीना मंडी स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में नौ जनवरी से द्वितीय सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। सुबह सवा नौ बजे कलश व शोभायात्रा निकाली जाएगी। अशोक गुप्ता ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा का 15 जनवरी को सुबह सवा नौ बजे हवन व प्रसाद वितरण के बाद समापन होगा। कथा का वाचन पंडित राम बिहारी करेंगे।

### छितरौली में बाबा धूनिगर का मेला 14 को

**कनीना।** गांव छितरौली में मकर संक्रांति के पर्व पर 14 जनवरी को बाबा धूनिगर की 77वीं स्मृति में धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के मुख्य अतिथि उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ होंगे। वहीं अध्यक्षता एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत करेंगे। विशिष्ठ अतिथि डीएसपी दिनेश कुमार, भाजपा के जिला प्रधान यतेंद्र राव व ठाकुर अतरलाल होंगे। नरेंद्र शास्त्री व सूबेदार सुखबीर सिंह ने बताया कि मेले में खेलकूद प्रतियोगिता व भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी को सुबह 10 बजे से दीपक सांगी जुलाना की ओर से सांग उत्सव किया जाएगा। वहीं रात्रि को हरियाणवी रागिनी कंपटीशन होगा।

### एचबीओसीडब्ल्यू साइट बंद, मजदूर परेशान

**नारनौल।** पिछले कई महीनों से एचबीओसीडब्ल्यू की साइट सरकार ने बंद कर रखी है। जिसका बहाना घोटाले की जांच करना है, जबकि जांच साइट चालू रहते की जा सकती है। मगर निर्माण मजदूरों का कोई काम नहीं किया जा रहा। यह बात एआईयूटीसी हरियाणा प्रदेश सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने कहा कि हित लाभ के नये फार्म जमा नहीं किए जा रहे। नए श्रमिकों का पंजीकरण बंद है। सदस्यता रिन्यूअल नहीं हो रहा। हरियाणा के श्रम मंत्री के बयान के अनुसार 1500 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। यह राशि निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए थी, जो भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई। विभाग में कार्यरत अधिकारियों की बदौलत ही यह संभव हुआ है।


# आंबेडकर स्मारक समिति की कार्यकारिणी वैध नहीं, जिला रजिस्ट्रार ने जारी किया पत्र

चुनाव कार्यक्रम घोषित करके ही संस्था की कार्यकारिणी का चुनाव करवाने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की नई कार्यकारिणी को फर्म्स एवं सोसायटीज नारनौल ने वैध नहीं बताया है। फर्म्स एवं सोसायटीज नारनौल से जिला रजिस्ट्रार ने यह पत्र समिति के पूर्व प्रधान सुंदरलाल जोरासिया और अन्य सदस्यों द्वारा लगातार की गई शिकायतों के बाद जारी किया है। जिला रजिस्ट्रार द्वारा प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी को संबंधित आधिकारिक पत्र में कहा गया है कि चार जनवरी को आम सभा में सर्वसम्मति के नाम पर कार्यकारिणी गठन का कोई वैधानिक औचित्य नहीं है। यह वैध नहीं है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव कार्यक्रम घोषित करके ही संस्था की कार्यकारिणी का चुनाव करवाना सुनिश्चित करें।





**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर जानकारी देते सुंदरलाल जोरासियां व जिला रजिस्ट्रार की ओर से जारी किया गया पत्र।

पूर्व प्रधान सुंदरलाल जोरासिया ने कार्यवाही के विरुद्ध चुनाव अधिकारी, जिला रजिस्ट्रार एवं राज्य रजिस्ट्रार को लिखित शिकायतें दी थी और मीडिया के माध्यम से इसे कानून और सोसायटी एक्ट का खुला उल्लंघन बताया था। जिला रजिस्ट्रार के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए सुंदरलाल जोरासिया ने कहा कि हम शुरू से कह रहे थे कि बिना चुनाव बनाई गई कार्यकारिणी अवैध है। जिला रजिस्ट्रार के पत्र ने यह साबित कर दिया कि सच हमारे साथ था। उन्होंने मांग की है कि जिस प्रशासक ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए नियमों के विपरीत कार्यकारिणी गठित की उसे तत्काल पद से हटाया जाए तथा समिति में किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष अधिकारी की देखरेख में पारदर्शी चुनाव कराए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आगे किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी की गई या फिर प्रशासक को संरक्षण दिया गया, तो वे इस मामले को पुलिस और न्यायालय तक ले जाने से पीछे नहीं हटेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रिटायर्ड मास्टर ताराचंद बसई, पूर्व सरपंच धनाराम मालड़ा, भूप सिंह ढाणी फोगाट, संतलाल खिंची, रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट हरिराम खन्ना, करणसिंह पंच, शेर सिंह चौहान थानेदार, प्रकाशचंद, शीशराम सिसोठ, सुभाष चौहान, पूर्व सरपंच धनाराम, पूर्व सरपंच रोशनी देवी, शिशराम भगत, सतीश नंबरदार, हैड मास्टर बंसीलाल आदि मौजूद थे।

### दूसरा पक्ष : जिला रजिस्ट्रार की यह कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण

वर्तमान प्रधान पन्नीलाल ने कहा कि फर्म एवं समितियां नारनौल से जिला रजिस्ट्रार द्वारा एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें चार जनवरी को आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से गठित की गई कार्यकारिणी को अवैध करार दिया गया है। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि इस बैठक एवं कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य आपसी सद्भावना बनाए रखना तथा डॉ. अंबेडकर भवन के शेष बचे कार्यों को पूर्ण करना था। यदि जिला रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा समिति की प्रमाणित सदस्य सूची समय रहते उपलब्ध करवा दी जाती तो यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। आज तक समिति का एक भी सदस्य विभागीय पोर्टल पर दर्ज नहीं है, इसके बावजूद अप्रमाणित सूची के आधार पर चुनाव कराने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह से समझ से परे है। पूर्व में समिति की सभी कार्यकारिणियां आपसी सहमति से ही गठित की जाती रही हैं और उस समय उन्हें वैध माना गया। ऐसे में यह सवाल उठता है कि यदि पूर्व की कार्यकारिणियां वैध थीं तो वर्तमान कार्यकारिणी को अवैध कैसे ठहराया जा सकता है।

## स्टेशन के लिए 18 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित

# रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्य ढाई साल में भी अधूरे, लोग परेशान

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे स्टेशन को आधुनिक रूप से सुसज्जित करने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गत 6 अगस्त 2023 को रखी थी आधारशिला, एक साल का दिया था लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे स्टेशन को आधुनिक रंग-रूप एवं सुविधाओं से सुसज्जित करने के उद्देश्य से 6 अगस्त 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों की आधारशिला रखी थी। इनमें नारनौल समेत हरियाणा के 15 रेलवे स्टेशन भी शामिल थे, लेकिन कमाल की बात है कि अब तक एक साल का लक्ष्य देने के बावजूद ढाई साल की लंबी अवधि गुजर चुकी है, लेकिन आधुनिकीकरण का कार्य पूरा नहीं हुआ है। स्टेशन के लिए 18 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस कारण रेलवे स्टेशन आए लोगों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के जरिए रेलवे स्टेशनों की कायाकल्प की जानी है। इसके जरिए न केवल रेलवे स्टेशनों को क्षेत्र विशेष की संस्कृति के अनुसार वैसा ही लुक दिया जाना है, जो वहां की प्राचीन कल्चर रही हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति में नारनौल रेलवे स्टेशन पर भी निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन कमाल की बात है कि ढाई साल पहले शुरू किए गए इस कार्य को अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। नारनौल के रेलवे स्टेशन पर अब तक नया टॉयलेट भी तैयार नहीं हुआ है, जबकि कुछ अन्य कार्य भी बचे हुए हैं।



**नारनौल।** रेलवे स्टेशन का तैयार किया गया मुख्य भवन। फोटो : हरिभूमि

### फुट ओवरब्रिज एवं प्लेटफार्म बाकी

*यहां के रेलवे स्टेशन पर अब तक केवल दो ही प्लेटफार्म बने हुए थे, जिनके बीच आवागमन के लिए यात्रियों हेतु एकमात्र फुट ओवरब्रिज बना हुआ था। अब नया प्लेट भी बनेगा। पहले दूसरे नंबर का यह प्लेटफार्म महज 7 मीटर चौड़ा था, लेकिन अब 12 मीटर का बनेगा। इस पर प्लेटफार्म नंबर दो व तीन नंबर बनेंगे। इसके अलावा एक नया फुट ओवरब्रिज भी बनेगा। वर्तमान का फुट ब्रिज महज 3 मीटर चौड़ा है, लेकिन नया ब्रिज 12 मीटर चौड़ा होगा।*

### नारनौल में अब तक हुए कार्य

रेलवे की कंस्ट्रक्शन ब्रांच ने यहां के स्टेशन पर मुख्य दो गेट तैयार कर दिए हैं, जबकि रेलवे स्टेशन बिल्डिंग के बड़े प्रवेश द्वार को भी लगभग पूरा कर लिया है। गार्डन बनाया गया है। वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा बनाई गई है। लाइटिंग का काम चल रहा है। स्टेशन के प्रवेश द्वार से अंदर के हिस्से यानि फर्श को पूरी तरह से पक्का बना दिया गया है।

### हरियाणा के यह स्टेशन हैं शामिल

इस योजना में हरियाणा के 15 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है। इनमें अंबाला सिटी, भिवानी जंक्शन, फरीदाबाद, पटौदी रोड, हिसार, बहादुरगढ़, जिंद जंक्शन, नरवाना जंक्शन, नारनौल, कालका, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर-जगधरी स्टेशन शामिल हैं। यह 15 स्टेशन पहल चरण में शामिल हैं, जबकि राज्य के 34 स्टेशनों को भी योजना के दूसरे चरण में शामिल किया जाना है।

**नया टॉयलेट ब्लॉक भी किया जा रहा तैयार:** स्टेशन आधुनिकीकरण के मद्देनजर नया टॉयलेट ब्लॉक भी तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में इसे प्लेटफार्म नंबर एक पर बनाया गया है, जो लगभग तैयार हो चुका है। इसमें टॉयल एवं आवश्यक सज्जा का काम बाकी है, जिसे शीघ्र पूरा करने के प्रयास हैं।

### यह होने हैं कार्य

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किए जाने वाले इन स्टेशनों पर चौड़ा कॉनकोर्स, फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, वेटिंग रूम, वाणिज्यिक क्षेत्र और रिटेल काउंटर आदि जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी है। इस योजना में बहुआयामी परिवहन की परिकल्पना की गई है। अन्य छोटे स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं का उन्नयन किया जाएगा और उन्हें चौड़े फुट ओवरफ्लो (एफओबी), अग्रभाग में सुधार, प्रतीक्षा क्षेत्र, लिफ्ट, एस्केलेटर आदि जैसी सुविधाएं प्रदान की जानी हैं।

### यह बोले अधिकारी

रेलवे स्टेशन कंस्ट्रक्शन डब्ल्यूआई ब्रांच के इंचार्ज इंजीनियर जितेंद्र गुर्जर ने बताया कि इस रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है। रेवाड़ी-कुंड की तरफ से यात्रियों वाली गाड़ी की रेलवे लाइनों को डबल किया जा रहा है। इस डबलीकरण के कारण ही स्टेशन का कुछ काम रूका हुआ है। रेलवे लाइन डबल होने पर न केवल प्लेटफार्म बनेंगे, बल्कि फुट ओवरब्रिज भी तैयार होंगे। बाकी अन्य कार्य लगभग पूरे हैं। सभी काम होने पर लोगों को सुविधाएं सुगमता से मिल सकेंगी।




**नारनौल।** नया बनाया गया प्रवेश द्वार।



**नारनौल।** चेतावनी बोर्ड लगाती विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

# पटीकरा में अवैध कॉलोनी पर डीटीपी ने लगाया चेतावनी बोर्ड

प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट न खरीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर योजनाकार की टीम ने वीरवार को शहरी क्षेत्र पटीकरा में फिरनी व अमृतधारा कॉलोनी की तरफ लगती हुई लगभग पांच कनाल भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में चेतावनी बोर्ड लगाने कार्रवाई की।

राजस्व सम्पदा पटीकरा में कुछ लोगों की ओर से लगभग पांच कनाल भूमि में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के महानिदेशक से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी। यह पूरी कार्रवाई जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों के साथ अमल में लाई गई।

जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करे तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणाए चंडीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करे अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आमजन से बार-बार अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### ट्रैक्टर से गिरने पर मजदूर की मौत

**मंडी अटेली।** तिगरा-अटेली सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर से गिरने पर मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह के समय एक मजदूर ट्रैक्टर पर लिफ्ट लेकर अटेली की तरफ जा रहा था। तिगरा के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गया, तभी ट्रैक्टर पर बैठा करीब 32 वर्षीय एक मजदूर नीचे गिर गया। तभी मजदूर को उपचार के लिए अटेली अस्पताल लाया गया। वह उपस्थित डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक मजदूर की पहचान नहीं होने के चलते उसके शव को नारनौल सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।



**कनीना।** आमजन की शिकायतें सुनते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

# कनीना में एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन

एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन की शिकायतों को सुनकर उनका निवारण किया गया। शिविर में कुल 10 शिकायतें प्रशासन के समक्ष आई, जिनमें से अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए छह शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया। शेष चार शिकायतों के संदर्भ में प्रशासन द्वारा उन्हें समाधान शिविर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, ताकि संबंधित विभाग जल्द से जल्द इनका निवारण सुनिश्चित कर सकें।

निरीक्षण | होटल संचालक को निश्चित समय अवधि में दस्तावेज पूरा करने के दिए निर्देश

# एसडीएम ने 10 होटलों पर की छापेमारी अधिकांश के दस्तावेजों में मिली कमी

नगर परिषद की टीम भी रही साथ

*जांच के दौरान अनेक होटलों में अनियमितताएं मिली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने वीरवार को होटलों में छापा मारा। इस दौरान एसडीएम ने शहर के कई होटलों की जांच की। जांच के दौरान अनेक होटलों में अनियमितताएं मिली। जिस पर उन्होंने होटल संचालकों को अपने डॉक्यूमेंट पेश करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अगर होटल संचालक निश्चित समय अवधि में डॉक्यूमेंट नहीं दिखाएंगे, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि कार्यालय में शिकायत आ रही थी कि बहुत सारे होटल बिना नगर परिषद के बिल्डिंग प्लान की एनओसी लिए तथा बिना ही फायर एनओसी लिए चलाया जा रहा है। वहीं होटल संचालकों के पास फूड सेफ्टी का लाइसेंस नहीं है। इन शिकायतों के आधार पर इनको वेरिफाई करने के लिए इनका मुआयना किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके तहत शहर एरिया के आसपास होटलों को चेक किया गया। अभी तो इसको रेंडम चेक किया गया है। आगे इनको सख्ती से चेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी होटल संचालकों को नियमानुसार कागजात पूरा करने के लिए समय दिया गया है। अगर इन्होंने निर्धारित समय में कागजातों पूरे नहीं किए तो उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की चेकिंग की जारी रहेगी।

एसडीएम ने जब होटलों पर छापेमारी की तब नगर परिषद के एमई सोहन सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी उनके साथ रहे। उन्होंने नप की ओर से जारी की जाने वाली एनओसी व अन्य कागजातों की जांच की। वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मच गया।



**नारनौल।** होटल में कारिदें से बातचीत करते नप अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### होटल संचालकों को डॉक्यूमेंट दिखाने का समय दिया

*इस बारे में नगर परिषद के एमई सोहनलाल ने बताया कि शहर व आसपास के 10 होटलों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में कोई भी होटल संचालक कागजात पेश नहीं कर पाया। जिसके बाद सभी को अपने डॉक्यूमेंट दिखाने का समय दिया गया है।*

# गुड़-तिल-मूंगफली टेस्टी भी-हेल्दी भी

बच्चो, जाड़े के मौसम में बहुत सी हेल्दी चीजें खाने को मिल जाती हैं। जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व भी आता है, इस अवसर पर तिल-मूंगफली से बने व्यंजनों के खाने का एक अलग ही मजा है, जो हमारी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में और कौन-कौन सी हेल्दी-टेस्टी चीजें खाई जा सकती हैं, जो हमें फिजिकली-मेंटली फिट रखती हैं, जानो।



सीजनल डाइट

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हेल्दी डाइट से ही हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। स्वस्थ आहार में बहुत-सी चीजें शामिल होती हैं, जैसे- सब्जियां, अनाज, फल, ड्राई फ्रूट्स और दूध-दही। बहुत से फूड आइटम्स भी हमारी हेल्दी डाइट का हिस्सा होते हैं। हमारे देश में तो मौसम के हिसाब से भी खान-पान तय किया गया है। तुमने देखा होगा कि घर में मौसम के बदलते ही खाने-पीने की चीजें भी बदल जाती हैं। इन दिनों जाड़े में मूंगफली, तिल और गुड़ की बनी चीजें खूब दिख रही हैं। ये ट्रेडिशनल फूड आइटम्स सर्दियों के लिए एनर्जी बूस्टर हैं। इनसे मिलने वाले पोषक तत्व, साल भर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

### स्वास्थ्य के रक्षक

सर्दी के मौसम में खाए जाने वाले तिल-मूंगफली के पकवान बहुत न्यूट्रीशस होते हैं। ये हर एज ग्रुप के लोगों को पसंद आते हैं। इनकी तासीर यानी हमारे शरीर पर पड़ने वाला असर, गर्म होती है। जिसके चलते इनसे बनी सभी चीजें शरीर को ठंड से बचाती हैं। तिल की बने लड्डू हों या मूंगफली की चिक्की, सर्दियों में सबके साथ धूप में बैठकर या अलाव तापते हुए इन्हें खाने का मजा ही कुछ और है! ठंड से बचाव करने और सेहत बनाने वाले ये क्रंची स्नैक्स, अपनों



के साथ समय बिताने का भी अवसर देते हैं। तिल और मूंगफली में न केवल प्रोटीन बल्कि कई विटामिन और ओमेगा 6 जैसे न्यूट्रिएंट्स भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन दोनों में ही कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। इसीलिए तिल के लड्डू खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। ये हमारी डाइजेस्टिव हेल्थ को बेहतर रखते हैं। वहीं पीनट्स यानी मूंगफली भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पीनट्स खाने से ब्रेन फंक्शनिंग भी सुधरती है। बच्चो, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में सामने आया है कि तिल और मूंगफली में हेल्दी फैट होता है। इसीलिए ठंड के मौसम में इन चीजों को जरूर खाना चाहिए। ये ठिठुराती सर्दी में खेलने-कूदने और एक्टिव रहने का एनर्जी बूस्टर डोज हैं।

### मिठास का सेहतमंद साथ

बच्चो, तिल, मूंगफली को जब गुड़ का साथ मिलता है, तो ये स्वादिष्ट ही नहीं और अधिक गुणकारी भी बन जाते हैं। तिल, गुड़ और मूंगफली, ये तीनों चीजें ठंड के मौसम के लिए सुपरफूड हैं। इनसे बनी चीजें खाने में बहुत टेस्टी लगती हैं। इन्हें स्कूल के टिफिन में ले जाना भी बहुत आसान है। तिल और मूंगफली तो पौष्टिक हैं ही, गुड़ में भी आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे कई मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी और गर्माहट देने का काम करते हैं। गुड़ में विटामिन ए, सी और ई भी होते हैं। असल में गुड़ में मौजूद शुगर, सुक्रोज और फ्रक्टोज के रूप में होती है, इसलिए इसका स्वाद मीठा और तुरंत एनर्जी देने वाला होता है। यही कारण है कि गुड़ खाने से मानसिक और शारीरिक स्ट्रेस भी कम होता है। गुड़ में मिठास ही नहीं जिंक, सेलेनियम और एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं। ये ना सिर्फ हमारे शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। तिल और मूंगफली के लड्डू, गजक, बर्फी, तिलपट्टी, तिलकुट या चिक्की बनाने के लिए गुड़ का ही इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में इन चीजों को खाना इम्यूनिटी, मूड और अपनेपन का मिठास भरा बूस्टर डोज बन जाता है।

### ट्रेडिशनल टेस्ट का कमाल

बच्चो, तिल, मूंगफली और गुड़ जैसी चीजों की न्यूट्रिशनल वैल्यू को हमारे बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझते आए हैं। सर्दियों में आने वाले त्योहार, जैसे मकर संक्रांति और लोहड़ी पर तो खासतौर पर इन चीजों को खाया जाता है। सर्दियों में हमारे घरों में इन चीजों से पारंपरिक और पौष्टिक मिठाई बनाने का ट्रेंड रहा है। आज भी विंटर सीजन में दादी-नानी तिल के लड्डू बनाकर भी अपना प्यार जताती हैं। बच्चो, समझना जरूरी है कि तिल, मूंगफली से बनी मिठाई,



स्नैक्स का बहुत हेल्दी ऑप्शन हैं। अगर सही पोर्शन में खाया जाए तो शरीर को इनसे कोई नुकसान नहीं होता। हमारा ट्रेडिशनल खान-पान शरीर, मन और मौसम के मुताबिक बने हुए हैं। बीमारियों से बचाने और इम्यूनिटी मजबूत करने वाले देसी नुस्खों में दादी, नानी और मम्मी का स्नेह भी भरा होता है। इसीलिए सर्दियों में इन सुपर फूड्स को खूब मन से खाओ। अच्छी सेहत बनाओ। इस कमाल के ट्रेडिशनल टेस्ट के लिए दादी-नानी का मन से आभार भी जताओ। *

# कैसे हुई पतंग की शुरुआत

हमारे देश में कुछ खास पर्व और अवसरों पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। बच्चे तो पतंगबाजी को खूब एंज्वॉय करते हैं। पतंग के आविष्कार और देश-विदेश में इसके प्रचलन का किस्सा बड़ा रोचक है। जानो, पतंग और पतंगबाजी से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

जानकारी


शिवानी छाया

बच्चो, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस पर्व के अलावा हमारे देश में वसंत पंचमी, स्वतंत्रता दिवस पर भी पतंगें उड़ाई जाती हैं। गुजरात, राजस्थान, पंजाब और तेलंगाना जैसे कई राज्यों में तो पतंगोत्सव यानी काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से आए लोग भाग लेते हैं। पतंगबाजी में बच्चे-बड़े सभी भाग लेते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं। बच्चो, तुम यह जानना चाहोगे कि पतंग उड़ाने की शुरुआत कब और कैसे हुई, जानो-

**चीन में हुई थी शुरुआत:** माना जाता है कि पतंग बनाने और उड़ाने की शुरुआत लगभग 2800 वर्ष पहले चीन के शानदोंग शहर में हुई थी। इस शुरुआत के पीछे एक रोचक किस्सा है- खेत में काम करने के दौरान एक चीनी किसान की टोपी बार-बार हवा में उड़कर इधर-उधर चली जाती थी। इससे परेशान होकर वह अपनी टोपी एक डोरी से बांधकर रखने लगा। इससे उसकी टोपी हवा में उड़ती तो थी लेकिन इधर-उधर नहीं जाती थी। बस यहीं से पतंग बनाने के आइडिया ने जन्म लिया। विभिन्न स्रोतों के अनुसार दुनिया की शुरुआती पतंगें चीन के हुआंग थेग, मोजी और लुबान ने बनाई थीं। ये पतंगें कागज की नहीं, लकड़ी और रेशम से बनी होती थीं, जिसे 'वुडन बर्ड' यानी 'लकड़ी की चिड़िया' कहा जाता था। बाद में रेशम के कपड़े, बांस आदि की सहायता से पतंगें बनाई जाने लगीं। चीन में पतंग के आविष्कार की एक वजह यह भी थी कि उस दौर में पतंग बनाने का उपयुक्त सामान, जैसे- रेशम का कपड़ा, पतंग



उड़ाने के लिए मजबूत रेशम का धागा और पतंग के शेप को सहारा देने के लिए हल्का और मजबूत बांस चीन में आसानी से उपलब्ध था।



चीन में बनी शुरुआती दौर की पतंग

**मनोरंजन नहीं था उद्देश्य:** आज हम पतंगबाजी को एक खेल के रूप में देखते हैं, इसे मनोरंजन के लिए उड़ाते हैं। लेकिन शुरुआत में पतंग उड़ाना मनोरंजन नहीं था। पतंग का प्रयोग संदेश भेजने, हवा की गति और दिशा का पता लगाने, जासूसी जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाता था। धीरे-धीरे उच्च और सामान्य वर्ग के लोगों की रुचि इसमे बढ़ती गई और पतंगबाजी शौक और मनोरंजन का साधन बन गई।

**भारत में पतंग का प्रसार:** पतंग बनाने की कला और इसे उड़ाने का शौक चीन, जापान, कोरिया, थाइलैंड जैसे देशों से होकर भारत पहुंचा। इसमें विदेशी यात्री, व्यापारी और बौद्ध भिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देखते ही देखते पतंगबाजी भारत में काफी लोकप्रिय हो गई, यहां के पर्व-उत्सवों एवं संस्कृति का हिस्सा बन गई। आज बच्चे-बड़े सभी खुले आसमान में पतंग उड़ाते हैं, पतंग से जुड़े फेस्टिवल्स एंज्वॉय करते हैं। *

### पौराणिक ग्रंथों और इतिहास में पतंग

**बच्चो, मकर** संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने को लेकर एक पौराणिक मान्यता भी है। तमिल ग्रंथ 'तंदनान रामायण' के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पहली बार भगवान श्रीराम ने पतंग उड़ाई थी, जो इंद्रलोक तक चली गई थी। तभी से मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है। आधुनिक भारत के इतिहास की बात करें तो 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में 'साइमन गो बैक' लिखे काली पतंगें उड़ाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। देश की आजादी के बाद उसी घटना की याद में स्वतंत्रता दिवस पर पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हुई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गोलू-दादू की दोस्ती

बच्चो, तुमको अपने दादाजी-नानाजी से बात करने, उनके संग खेलने में भी फ्रेंड वाली फीलिंग आती होगी। हाल में छपकर आई किताब 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम एक प्यारे बच्चे गोलू और उसके दादू की दोस्ती से जुड़ी मजेदार कहानियां पढ़ सकते हो। इन नौ कहानियों में तुमको गोलू का नटखट स्वभाव, भोलापन और समझदारी देखने को मिलेगी। किसी कहानी में तुम पढ़ोगे कि गोलू के दादू, उसे बड़े प्यार से जीवन से जुड़ी उपयोगी सीख भी दे देते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे दादू को गांव से अपने पास बुलाकर प्यारा सा सरप्राइज देता है! 'गोलू मेरा नाम' कहानी में जब तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे अपना नाम अभिनव के बजाय गोलू पुकारे जाने पर मुंह फुला लेता है और फिर दादू उसे उसकी गलती कुछ ऐसे समझाते हैं कि तुम हंसे बिना नहीं रहोगे। कामचोर का मतलब क्या होता है, इसका अर्थ समझने के लिए तुमको 'गोलू मस्त मोलू' कहानी पढ़नी होगी। किताब की अन्य कहानियां भी तुमको जरूर पसंद आएंगी। *



**किताब:** गोलू मेरा दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** गोविंद शर्मा
**मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** पंचशील प्रकाशन, जयपुर

## हंसगुल्ले



**चिक्की** : मिक्की, कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मिक्की** : तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।

-खुशी, रायपुर

**मिंकी (अपनी मम्मी से)** : मम्मी, क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**मम्मी** : नहीं तो! क्यों?
**मिंकी** : तो फिर रिंकी मुझसे क्यों कहती रहती है कि तेरी जुबान बहुत चलती है?

-काम्या, भोपाल

**चिंटू** : बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मिंटू** : क्योंकि उनके दांत नहीं होते।

-सुरेंद्र, रोहतक

## जीके क्विज-187

1. वूमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी कौन बनी हैं?
2. भारत किस देश को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है?
3. हाल में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला का क्या नाम है?
4. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
5. भारत के अंतिम गवर्नर जनरल कौन थे?
6. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
8. भारत में पहली रेल किन दो स्थानों के बीच चली थी?
9. इलेक्ट्रिक आयरन को गर्म करने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य की नृत्य शैली है?



बच्चों, जीके क्विज-187 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-186 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2. 366 दिन, 3. 10 जनवरी, 4.मिजोरम, 5.मंगोलिया, 6.हाइड्रोजन, 7.माइटोकॉण्ड्रिया, 8.न्यूमिस्मेटिक्स, 9.गंगा डॉल्फिन, 10.विनय कुमार सक्सेना

**जीके क्विज-186 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आपु-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, रक्षित-बिलासपुर, अनन्या-दुर्ग, केशव-बिलासपुर, नमन-रोहतक, हर्ष-भोपाल, शिवांश-महासमुंद



कहानी

सरस्वती रमेश

राजू को तो यही पता था, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर त्योहार की खुशियां मनाई जाती हैं, लेकिन दादी ने बताया इस दिन दान दिया जाता है, जिसका एक अलग महत्व होता है। राजू को यह बात वास्तव में कितनी समझ में आई, क्या उसने मकर संक्रांति के दिन कोई दान किया?

# मकर संक्रांति का दान

राजू के घर आज सुबह-सुबह पूरे परिवार ने स्नान किया। फिर सबने मकर संक्रांति की पूजा की। तिल के लड्डू खाए। खाने में राजू की मम्मी ने आज स्वादिष्ट खिचड़ी बनाई थी। दोपहर में सभी लोगों ने छत पर गुनगुनी धूप में बैठकर खिचड़ी खाई। मम्मी-पापा, दादा-दादी राजू और छोटी बहन पीहू ने खिचड़ी खाई। दादी ने राजू और पीहू से पूछा, 'जानते हो बच्चो, मकर संक्रांति के दिन क्या करते हैं?'

'हां.. हां.. जानता हूं। आज के दिन मजे से पतंग उड़ाते हैं।' राजू तपाक से बोला। 'हां पतंग तो उड़ाते हैं, लेकिन इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है। गरीब लोगों को दान भी करते हैं। आज के दिन दान करने से उसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है।' दादी ने बताया।

'दान क्या होता है दादी?' पीहू ने भोलेपन से पूछा।

'दान मतलब किसी गरीब को कुछ देना। कोई खाने की चीज या वस्त्र आदि।' दादी बोलीं।

'फिर तो भैया आप मुझे अपनी बड़ी वाली पतंग दान कर दो न प्लीज।' पीहू ने मचलते हुए कहा तो सब हंस पड़े।

कुछ देर बाद राजू अपने पापा और बहन के साथ घर के पास ही ग्राउंड में पतंग उड़ाने गया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ रही थीं। बच्चे, बड़े सब पतंगें उड़ा रहे थे। तभी वहां एक बच्चा दिखाई दिया। वह पेड़ के पीछे खड़ा होकर सबको पतंगें उड़ाता हुआ देख रहा था। ठंड काफी थी, लेकिन उस बच्चे ने सिर्फ एक हाफ शर्ट और नेकर पहन रखी थी। राजू के पापा की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम यहां क्यों छिपे



हुए हो?' 'सबको पतंगें उड़ता देख रहा हूं।' वह बच्चा बोला।

'तुम्हारी पतंग कहां है?' राजू ने उससे पूछा।

'मेरे पास नहीं है।' बच्चा उदास स्वर में बोला।

'और इतनी ठंड में तुमने स्वेटर क्यों नहीं पहन रखा है? तुम्हें ठंड नहीं लग रही क्या?' पापा को अचरज हो रहा था।

'लग रही है। स्वेटर गंदा हो गया था तो मां ने धोकर सूखने के लिए डाल रखा है।' बच्चे ने सकुचाते हुए बताया।

'तो दूसरा पहन लेते।' पास खड़ी पीहू बोली।

'दूसरा नहीं है।' लड़का धीमी आवाज में बोला।

'अच्छा तुम्हारा नाम क्या है?' पापा ने पूछा।

'मोनू।' लड़के ने बताया।

'तुम रहते कहां हो?' पापा ने जानना चाहा।

'वो सामने बस्ती में।' बच्चे ने अंगुली के इशारे से बताया।

'क्या तुम मेरे बेटे का पुराना स्वेटर लोगे।' पापा ने पूछा।

'मां से पूछकर बताऊंगा।' इतना कहकर वह जाने लगा तो राजू ने उसे रोक लिया।

'यह लो मेरी पतंग और मांझा, ठीक से उड़ाना।' राजू ने अपनी पतंग-मांझा उसके हाथों में पकड़ा दिया।

पतंग पाकर बच्चा खुश हो गया और दौड़ते हुए घर की ओर चला गया। राजू पापा के साथ घर लौट आया। पापा ने घर में बच्चे की बात सभी को बताई। यह भी बताया कि राजू ने उसे अपनी पतंग दे दी।

'लेकिन शाम को तो सर्दी और बढ़ जाएगी। हमें उसे गर्म कपड़े भी देने चाहिए।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'यदि उसने पुराने कपड़े न लिए तो?' पापा बोले।

'हम उसके लिए नए कपड़े देंगे।' राजू ने कहा।

'लेकिन इतनी जल्दी नए कपड़े आएंगे कहां से?' मम्मी बोलीं।

'आपने जो मेरे लिए नया स्वेटर खरीदा है, वही उसे दे दीजिए।' राजू तुरंत बोला।

'लेकिन वो तो तुम्हारे लिए है और महंगा भी बहुत है।' दादी बोलीं।

'दादी, सुबह आपने कहा था न कि आज गरीब को दान करना चाहिए। वह गरीब बच्चा है। उसे स्वेटर देंगे आज।' राजू ने दादी को सुबह वाली बात याद दिलाई। 'जरूर बेटा, तुमने तो संक्रांति की परंपरा को ठीक से समझ लिया है। ले आओ, अपना नया वाला स्वेटर। चलो अभी चलते हैं मोनू के घर।' पापा बोले।

राजू भाग कर अपने कमरे से स्वेटर ले आया और खुशी-खुशी पापा के साथ मोनू के घर की ओर चल पड़ा। घर में दादी, मम्मी और पीहू भी यह देखकर बहुत प्रभावित और खुश थे कि दयालु राजू के कारण एक गरीब का भला होगा। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन



## एक पर्व के इतने नाम!

छोटे से मिस्टर अयान
सोच-सोच कर हैं हैरान
तिथि एक है, पर्व एक है
लेकिन इसके इतने नाम!
दक्षिण भारत में है पोंगल
उत्तर में कहलाता खिचड़ी
असम राज्य में बिहू कहते
पंजाबी कहते हैं लोहड़ी।
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा
में होता है मकर संक्रांति
पर पश्चिम बंगाल के अंदर
कहलाता है पौष संक्रांति।
इस दिन सूरज दिशा बदल
उत्तरी गोलार्ध में आ जाता है
रातें छोटी होने लगतीं
दिन लंबाई पा जाता है।
भुनी मूंगफली, गुड़ की पट्टी
तिल की गजक, रेवड़ी खाकर
पूरा देश मनाया करता
है यह पर्व, पतंग उड़ाकर।



## रंग भरो-193

रंग भरो-193 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रुजुला, रोहतक



आशना, जांजगीर



पयोनिधि, अंबिकापुर



आन्या, दुर्ग



लालिमा, गरियाबंद



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

देव्यांश-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सुमन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सौम्या-करनाल, रोहन-बिलासपुर, दिव्या-कोरबा, साकेत-बालोद

## रंग भरो 194



बच्चो, यहां पतंग उड़ा रहे एक बच्चे का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### यज्ञ से पारलौकिक कामना होती है पूर्ण

**नारनौल।** राजस्थान क्षेत्र के बुहाना के समीपवर्ती ग्राम जयसिंहपुरा, सुल्ताना अहिरान एवं अमरसर गांवों में घूम-घूम कर यज्ञ किया गया तथा आर्य समाज का प्रचार प्रसार किया गया। यज्ञ के संयोजक डॉ. वीरेंद्र कुमार शास्त्री एवं आर्य समाज बुहाना प्रधान वीरसेन शास्त्री थे। प्रधान वीरसेन शास्त्री ने गांव में यज्ञ प्रचार के साथ कहा कि ईश्वर एक है। हमें एक ही ईश्वर की उपासना करनी चाहिए। संस्कृत अध्यापक संघ जिला महेंद्रगढ़ के प्रधान डॉ. वीरेंद्र कुमार शास्त्री ने कहा यज्ञ ऋषि मुनियों की सृष्टि की आदि से परंपरा रही है, जिससे मनुष्य की सांसारिक एवं पारलौकिक कामना पूर्ण होती है। स्वर्ग की प्राप्ति होती है।



### टीबी जागरूकता कैम्प का आयोजन

**नारनौल।** जिला रेडक्रॉस समिति एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत धोबी जोहड़ जलमहल के नजदीक स्लम एरिया में टीबी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य सरोज कश्यप ने मुख्य अतिथि व समाजसेविका कृष्णा आर्य, सपना गुप्ता, सेवानिवृत्त प्राचार्य जेपी कौशिक विशिष्ठ अतिथि थे। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से टीबी पर अच्छा कार्य किया जा रहा है, जो निरन्तर जारी रहना चाहिए। समय समय पर स्लम एरिया में इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच कैम्पों का आयोजन किया जाना चाहिए। इसमें स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग व जयपुर हार्ट अस्पताल से डॉ. एसएस यादव, डॉ. नितेश सैनी, डॉ. चेतन, मनोज कुमार, संदीप कुमार, दीपक कुमार, अजय सिंह, प्रवीन, आशा वर्कर माया देवी, सुमन व प्रतिभा के अलावा रेडक्रॉस से टीबी कोऑर्डिनेटर शोभा रानी, अनु, सेवानिवृत्त एसएचओ अतर सिंह, संदीप राव व हन्नी गुप्ता ने अपना सहयोग दिया।

## सफाई कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी

# सफाई कर्मियों ने राव नरबीर को ज्ञापन देकर मांगा बकाया एरियर



नारनौल। कैबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मी। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

*कर्मचारियों की मांगों को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखा रहा नगर प्रशासन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बकाया एरियर की मांग को लेकर शुरू किया गया नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा और सफाई कर्मी काम छोड़ हड़ताल पर बैठे रहे। अध्यक्षता जिला प्रधान राहुल सारवान ने की। सारवान ने कहा कि नगर प्रशासन कर्मचारियों की मांगों को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखा रहा, जबकि जिला महेंद्रगढ़ के समस्त सफाई कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल पर हैं। अनदेखी के कारण कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने अपनी आवाज को बुलंद करते हुए शहर में आए कैबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह को ज्ञापन दिया तथा उनसे समान काम समान वेतन का बकाया एरियर दिलवाने की मांग की। इसके बाद कर्मचारियों ने अपने धरने स्थल पर जाकर आगे की रूपरेखा बनाई और 8 जनवरी को उपायुक्त से मिलने एवं ज्ञापन देने का निर्णय लिया। प्रधान ने सभी सफाई कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे इस ज्ञापन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें। आंदोलनकारी कर्मचारी नगर परिषद से चलकर के लघु सचिवालय तक प्रदर्शन करते हुए जाएंगे तथा वहां पर उपायुक्त को ज्ञापन देंगे। आज के धरना प्रदर्शन में नगर पालिका कर्मचारी संघ राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया, सुरेश कुमार जैदिया, महावीर प्रसाद, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र सिंह बोयत, जिला प्रधान कौशल कुमार यादव, प्रवक्ता महावीर वाल्मीकि, देवानंद, अमित कुमार, जसवंत कुमार, निरंजन, भीमसिंह, रमेश कुमार, विक्रांत, राजेश, कमल, आशु, नीरज आदि मौजूद थे।

### सातवें दिन भी जारी रहा सफाई कर्मियों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सफाई कर्मचारी प्रधान पूर्णसिंह ने बताया कि वे दो जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, क्योंकि उन्हें 2017 से एरियर नहीं मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि वे चार महीने पहले विधायक कंवर सिंह यादव से भी मिले थे, जिन्होंने 10 दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। चार महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण उन्हें हड़ताल पर जाना पड़ा। पूर्ण सिंह ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलों के सफाई कर्मचारियों को एरियर मिल चुका है, जबकि महेंद्रगढ़ के कर्मचारियों को अभी तक नहीं मिला है। नगर पालिका प्रशासन की कमी और झूठे वादों के कारण वे इस लाभ से वंचित हैं।

#### नालियों की सफाई का काम ठप

बता दें कि महेंद्रगढ़ में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी धरने पर बैठने के कारण शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सात दिन से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों और आवासीय इलाकों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नियमित रूप से होने वाली कचरा उठाने और नालियों की सफाई का काम ठप पड़ गया है। हालांकि नगर पालिका की ओर से पक्के व एचकेआरएन के कर्मचारी सफाई के कार्य में लगाए हुए, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण पहले की तरह सफाई व्यवस्था सुचारू नहीं हो रहीं हैं। इस मौके पर सफाई यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार, देवानंद, धीरज, रिंकू, शम्मी, सुमित, राजेश, नसीब, विनोद, दीपक, सूबेसिंह, राहुल, गुलशन, चांदराम, सन्नी आदि मौजूद थे।



नारनौल। विद्यालय पहुंची छात्राओं को पगड़ी से सम्मानित करते हुए।

## कोरियावास स्कूल की छात्राओं को मिला 1 लाख का पुरस्कार

### शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सौंपी राशि

- बैंडबाजे के साथ खुली जीप में छात्रा साक्षी, अनुष्का सारिका, दीपिका, निकिता को फूल माला-पहनाकर विद्यालय तक लाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास की छात्राओं ने चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय केबीसी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने एक लाख राशि का पुरस्कार दिया। गांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत कोरियावास तथा क्षेत्रवासियों व विद्यालय के स्टाफ ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

बैंडबाजे के साथ खुली जीप में छात्राओं साक्षी, अनुष्का सारिका, दीपिका, निकिता को फूल माला-पहनाकर विद्यालय तक लाया गया। विद्यालय पहुंचने पर उनके लिए ग्राम पंचायत कोरियावास के तत्वाधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत कोरियावास की ओर से विजेता छात्राओं को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया तथा 11000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कोसली से पधारे प्रवक्ता दिनेश कुमार शर्मा ने सभी छात्राओं को 500-500 का नगद पुरस्कार दिया। विजेता छात्राओं को स्वकोष से 2500 का नगद पुरस्कार दिया। प्रवक्ता डॉ. सुरेंद्र कुमार ने विजेता छात्राओं को 1000 का नगद पुरस्कार दिया। एसएमसी प्रधान संतोष यादव ने भी अपनी ओर से 500 रुपये का नगद पुरस्कार छात्राओं को दिया।

मंच संचालन समाज शास्त्र प्रवक्ता संजय शर्मा ने किया। प्राचार्य डा. सतवीर इंदौरा ने टीम मार्गदर्शक महेश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास से ही यह कार्य संभव हो पाया है।

इस मौके पर प्रवक्ता डॉ. सुरेंद्र कुमार, रागिनी शर्मा, पूनम कुमारी, संतोष, धानक उत्थान समाज के प्रधान रामसिंह, अतर सिंह खनगवाल, अतर सिंह सीलन, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, पंच राकेश, जेई विनय कुमार, नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अटेली मंडी में चल रहे दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। एमएलएन प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल अटेली मंडी में चल रहे दो दिवसीय एमएलएन प्रशिक्षण का समापन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक स्कूल खुलने के बाद अपने-अपने विद्यालय में निपुण दक्षता आधारित तथा गणित और हिंदी में बच्चों के स्तर के अनुसार शिक्षण कार्य करवाए। संयोजक रोहतास सिंह, अजीत सिंह, सिंहराज की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें अध्यापकों को ट्रेनर के रूप में ट्रेनिंग दे रहे अध्यापकों को ट्रेनिंग दी गई है।

उन्होंने बच्चों को गणित व हिंदी में दक्षता आधारित शिक्षक करवाने के बारे में विस्तार से बताया। इस कड़ी में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव एवं ब्लॉक प्रधान सत्यवीर सिंह ने भी कहा कि सभी अध्यापक जो यहां से सीख कर जाएंगे वह अपने-अपने विद्यालय में बच्चों को शिक्षण कार्य करवाएंगे।

### वकील ने दी स्वयंसेवकां को कानूनी जानकारी

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेका में कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में चल रहे एनएसएस कैंप के सातवें और अंतिम दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं एनएसएस लक्ष्य गीत से की गई। स्वयंसेवकों ने दैनिक क्रिया-कलाप योगासन प्राणायाम प्रभातफेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूरे उत्साह से हिस्सा लिया। आज सभी स्वयंसेवकों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेका में सभी कक्षा कक्ष की सफाई की। एडवोकेट धर्मेश जोशी ने स्वयंसेवकों का कानूनी ज्ञानवर्धन किया। हिंदी प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह ने प्रभावी व अनुशासित मंच संचालन करते हुए स्वयंसेवकों के साथ पूर्व में किए गए शैक्षिक भ्रमणों का अनुभव शेयर करते हुए प्रेरणादाई बातें बताई।

## पुलिस ने युवाओं को किया डिजिटल अरेस्ट के प्रति सचेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। युवाओं को जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

आमजन की सुरक्षा व जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए सिटी पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं व आम नागरिकों को आधुनिक दौर के साइबर अपराधों, नशे की लत और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक व जिम्मेदार बनाना था।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने वहां मौजूद युवाओं व नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए वर्तमान में चल रहे डिजिटल अरेस्ट जैसे गंभीर साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सीबीआई, ईडी या पुलिस जैसी कोई भी जांच एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं करती है। उन्होंने लोगों को समझाया कि ऐसे किसी भी धमकी भरे कॉल से घबराएं नहीं, बल्कि विवेक से काम लें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। साइबर सुरक्षा के साथ साथ पुलिस टीम ने युवाओं को नशे जैसी घातक सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल एक व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को बर्बाद करता है।

## आरपीएस स्कूल में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। शिविर के समापन पर भोजन करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस स्कूल में एसएसएस के सात दिवसीय शिविर के सातवे दिन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना व एनएसएस गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विद्यालय चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

ग्रुप सीईओ मनीष राव ने छात्रों के समर्पण को सराहा। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने भी समझाया कि एनएसएस में व्यक्ति में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी इस बात पर जोर दिया कि सफाई एक सामाजिक कर्तव्य है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। संयोजक अनूप सिंह ने छात्रों के साथ विभिन्न शारीरिक क्रियाएं आयोजित करवाई।

इस अवसर पर लेक्चर प्रदीप कुमार तथा डीपीई सुनीता यादव उपस्थित रहे।

### पुलिस ने युवाओं को किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** थाना सदर पुलिस टीम ने गांव पालड़ी पनिहारा के खेल मैदान में पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया। एसआई उज्ज्वल ने वहां मौजूद युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जीवन में नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम ने युवाओं को समझाया कि नशा न केवल एक व्यक्ति को बल्कि, पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। इसलिए अपनी ऊर्जा को खेलों और रचनात्मक कार्यों में लगाकर देश के विकास में योगदान दें। इसके साथ ही, वर्तमान दौर के साइबर अपराधों के प्रति भी युवाओं को सचेत किया गया। पुलिस ने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसे नए तरह के फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर ठग खुद को पुलिस या सीबीआई अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के जरिए लोगों को डराते हैं।

## स्वयंसेवक भीम व अभिलाषा बेस्ट वालंटियर घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौंगड़ा अहीर में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष कैंप के समापन पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता राजबाला ने नशा उन्मूलन और जागरूकता विषय पर व्याख्यान दिया। अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं कार्टूनिस्ट अजय यादव ने स्वयंसेवकों को जीवन में नैतिकता अपनाने पर जोर दिया। लीगल लिटरेसी प्रभारी रेणु, राजकौर, पवन जांगड़ा के नेतृत्व में नशा उन्मूलन और जागरूकता पर एक रैली का आयोजन किया गया। शिविर के समापन पर स्वयंसेवक भीम और अभिलाषा को बेस्ट वालंटियर चुना गया। कार्यक्रम में सफल मंच संचालन करते हुए प्रवक्ता नीरज शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन की रूप रेखा प्रस्तुत की। अंत प्राचार्य विनोद कुमार यादव ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया एवं प्रभारी अशोक कुमार और स्वयंसेवकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार, रूपेश, धनसुख आदि उपस्थित रहे।

### 115 ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य प्रशिक्षण

**महेंद्रगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीम ने वीरवार को आंगनबाड़ी केंद्र डुलाना में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस टीम का नेतृत्व आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योत्सना ने किया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में एएमओ डॉ. ज्योत्सना, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूनम रैबारी, स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान, रेणु कुमारी एएनएम, राहुल फार्मेसी ऑफिसर, योगेश नर्सिंग ऑफिसर, बलवंत लैब टेकनीशियन, शर्मिला एएनएम और महेंद्र सिंह की टीम ने 115 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की।

**सार्वजनिक सूचना**

मै नीलम शर्मा पुत्री जगन नाथ शर्मा वासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी नसीबपुर, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम नीलम शर्मा है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से लीलवती शर्मा लिखा गया जो कि गलत है। मै अपने आधार कार्ड में अपना नाम नीलम शर्मा ही करवाना चाहती हूं।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सचिन यादव पुत्र राम सिंह प्रमाणित करता हूं कि मेरे पिता राम सिंह यादव पुत्र धनसीराम मोहल्ला नई कालोनी जमालपुर नारनौल का देहान्त दिनांक 12.11.2025 को हो गया है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. रामरती यादव पत्नी 2. सचिन यादव पुत्र 3. संदीप यादव पुत्र है। इनके अलावा उनके और कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबत किसी को कोई एतराज हो तो वह 30 दिन के अन्दर नगर परिषद कार्यालय में अपना एतराज दर्ज करवाएं।



## शिविर का तीसरा दिन संपन्न

**महेंद्रगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर प्राचार्य सुनील गोरा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, जबकि कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज जांगड़ा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी मनोज जांगड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी और स्वच्छ समाज के निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि समाजसेवी रामजीवन मित्तल ने शिविर में शिरकत की। दूसरे सत्र में मुख्यातिथि डाईट प्रवक्ता नरेश गोयल उपस्थित रहे। इस मौके पर संजय कुमार, अनिल बोहरा, प्रवीण गॉड, राजवीर, राकेश, राहुल एवं विद्यालय के सभी सहयोगी स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

## बाबा फरीद सर्वधर्म सद्भावना सोसायटी ने दरगाह किया निरीक्षण

# पीर तुर्कमान संरक्षण कार्य एक सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जीर्णोद्धार के बाद पीर तुर्कमान की दरगाह। फोटो : हरिभूमि

बाबा फरीद सर्वधर्म सद्भावना सोसायटी ने मोहल्ला पीरआगा स्थित पीर तुर्कमान की दरगाह पर पहुंचकर इसका निरीक्षण किया। इस टीम में सोसायटी संयोजक गुलाम साबिर, प्रोफेसर तुषार सैनी, प्रधान सरदार मंजूर सिंह व सदस्य राज सैनी, बाबू खान, सैराज खान, मास्टर राकेश सैनी आदि सदस्य शामिल थे।

इस दौरान दरगाह परिसर में हाल में हुए जीर्णोद्वार कार्य को सराहते हुए प्रो. तुषार सैनी ने भाजपा सरकार की जमकर तारीफ की और मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि पीर तुर्कमान ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेर शरीफ के गुरूभाई व शिष्य रहे है। जिनका सूफी सम्प्रदाय व इस परम्परा को मानने वालों में बड़ा सम्मान है। सोसायटी के उपरोक्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि यह दरगाह तथा परिसर लगभग खण्डहर में तबदील हो चुका था, लेकिन राज्य सरकार के हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने जिस तरह इसका सरंक्षण किया है, उसके लिए इस विभाग व राज्य सरकार की जितनी तारीफ की जाए कम है।

#### नशेडियों पर कसे नकेल

वही प्रो. तुषार सैनी ने इसके वास्तविक धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के लिए विभाग को चेताते हुए कहा कि विभाग इस स्थान पर नशेडियों व आवार किस्म के लोगों पर नकेल कसने के कार्य को अजांम दे, क्योकि ऐसे असामजिक तत्व इस स्थान के लिए वर्षो से सरर्दद बने हुए हए। उन्होंने बताया कि दरगाह और परिसर का जीर्णोद्धार के लिए उनकी संस्था ने जून 2023 में हरियाणा सरकार के तत्कालीन पर्यटन मंत्री कंवरपाल गुर्जर को पत्र लिखा था। जिसमें लिखा था कि बाबा फरीद सर्वधर्म सद्भावना सोसायटी पिछले 14 वर्षों से हरियाणा प्रदेश में विस्तृत विभिन्न धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। मोहल्ला पीरआगा में स्थित पीर तुर्कमान मकबरा व परिसर की बदहाल है। यह वक्फ सम्पति, जोकि अब हरियाणा पुरातत्व विभाग के अंतर्गत एक सरंक्षित धरोहर घोषित है।

## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से भेंट करते हुए एडवोकेट बबली यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बबली यादव ने स्वास्थ्य मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**मंडी अटेली।** ग्रीवेंस कमेटी की मेंबर एडवोकेट बबली यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से उनके चंडीगढ़ स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नया वर्ष नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए अवसरों का प्रतीक होता है। जो हमें समाज और राज्य की सेवा के प्रति और अधिक दृढ़ संकल्पित करता है।

### रेलवे कॉलोनी से 17 वर्षीय किशोर लापता

**नारनौल।** शहर थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी से एक 17 वर्षीय किशोर के लापता हो गया। किशोर के पिता ने सिटी थाना में शिकायत



देकर बेटे की तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेलवे कॉलोनी में रहने वाले सुमेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा तनुज मेहरा 12वीं कक्षा में पढ़ता है। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### 12 व 13 को अखंड रामायण पाठ व भंडारा

**मंडी अटेली।** नावदी रामपुरा निर्मला प्राचीन मंदिर में अखंड रामायण पाठ 12 जनवरी एवं 13 जनवरी को हवन यज्ञ के साथ भंडारा आयोजन किया जाएगा। इस अखंड रामायण पाठ में महंत मुरली दास महाराज, महंत आत्मा दास महाराज, महंत बालक दास महाराज विशेष अनुकंपा रहेगी, जिसमें भगवत दयाल शास्त्री व उनकी टीम रामायण पाठ का गुणगान करेंगी।



नारनौल। सेंटर पर बच्चों के साथ मौजूद प्रियंका यादव। फोटो : हरिभूमि

### ड्रॉप आउट बच्चों का हो रहा सर्वे

**नारनौल।** एजुकेशनल वॉलिंटियर्स प्रियंका यादव ने बताया कि हम बच्चों के घर-घर जाकर, अप्रवासी मजदूरों के बच्चों, ईंट-भट्टों एवं गाड़िया लुहार जहां रहते हैं, जैसे इंद्रा कॉलोनी व जल महल आदि में संपर्क किया। महेंद्रगढ़ जिले में ड्रॉप आउट या आउट ऑफ स्कूल वाले 6 वर्ष से 14 वर्ष तथा 16 से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल पहुंचाना तथा शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है।

# विकसित भारत निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा जी राम जी कानून: मंत्री राव नरबीर

- इस कानून से मजदूरों को 125 दिन का रोजगार व हर सप्ताह मिलेगी मजदूरी



नारनौल। प्रेस वार्ता में संबोधित करते उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विकसित भारत जी राम जी कानून विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। यह बात हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने वीरवार को भाजपा कार्यालय में विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन वीबी जी राम जी को बेहतर बताते हुए आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि इस कानून से मजदूरों को 125 दिन का रोजगार मिलेगा और हर सप्ताह मजदूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना को और बेहतर बनाने के लिए यह कार्य किया है, जो विपक्ष को रास नहीं आ रहा है। विपक्ष राम और भारत तथा नीति का विरोध कर रहे हैं, जबकि देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए हर व्यक्ति संकल्पित है। वीबी जी राम जी अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए परिवर्तित की गई है। इससे भ्रष्टाचार खत्म होगा। उन्होंने कहा कि योजना को और अधिक पारदर्शी बनाया गया है। इससे समय पर वेतन मिलेगा, कानूनी जिम्मेदारी लागू होगी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। योजना में यह परिवर्तन देश के किसानों और ग्रामीणों को सुदृढ़ करेगा।

### गरीब को रोजगार मिले व गरिमा का सम्मान हो

उन्होंने कहा कि हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान हो। गरीब, जनजाति और पिछड़ा को रोजगार मिले, उसके लिए यह कानून आया है। विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। यह पूरा बिल महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप है और राम राज्य की स्थापना के लिए लाया जा रहा है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि कांग्रेस कितनी भी साजिश रच ले, देश 2047 तक श्विकसित भारत बन कर रहेगा। नई योजना में काम के दिन ज्यादा होंगे, तो साथ ही मजदूरों को पारिश्रमिक भी जल्दी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा पर सबसे अधिक खर्च मोदी सरकार ने किया है। मनरेगा पर अब तक 11.74 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए, जिसमें मोदी सरकार ने 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। रोजगार योजना का नाम पहले से महात्मा गांधी के नाम पर नहीं था। कांग्रेस की सरकार ने जब जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था, तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान नहीं था। इसी तरह आवास योजना का नाम पहले ग्रामीण आवास योजना था, 1985 में इसका नाम बदल कर इंदिरा आवास योजना कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में मनरेगा में कोई ट्रांसपेरेंसी नहीं थी, अब इसमें रियल टाइम डेटा अपलोड होगा। जीपीएस व मोबाइल मॉनिटरिंग होगी और एआई के द्वारा फ्रॉड डिटेक्शन होगा। इससे सही लाभार्थियों को काम मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। नए कानून के तहत फोकस चार प्राथमिकताओं जल संबंधी कार्य, कोर ग्रामीण बुनियादी ढांचा का निर्माण, आजीविका संबंधी बुनियादी ढांचा का निर्माण और खराब मौसम के कारण काम में कमी को कम करना है। इस योजना से जल सुरक्षा से खेती को बढ़ावा मिलेगा। सड़कें और कनेक्टिविटी से बाजार में सुधार होगा, भंडारण और आजीविका संपत्तियां ग्रामीण आय में वृद्धि लाएगी तथा जलवायु अनुकूल कार्य गांवों को सशक्त बनाएंगे।

### रोजगार की नई गारंटी प्रदान करेगा नया कानून

मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पुरानी योजना में बदलाव किया गया है, जिससे बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो टैगिंग, सैटेलाइट इमेजरी, रियल टाइम मोबाइल ऐप मॉनिटरिंग और डीबीटी के माध्यम से सीधा भुगतान होगा। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी कानून 2025 कानून को ग्रामीण विकास का आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि नया कानून देशभर सहित हरियाणा प्रदेश में ग्रामीण विकास को सशक्त करेगा और रोजगार की नई गारंटी प्रदान करेगा। मौके पर महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र झिमरिया, जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, किशनलाल बौहरा, जिला मंत्री मनीष संघी, संजय अमन, मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे आदि मौजूद थे।

# शॉर्टेज की रकम का जेई पर भार विरोध में उतरी जेई एसोसिएशन

## विरोध के तौर पर किया प्रदर्शन, एसई को सौंपा मांग पत्र





नारनौल। सिंघाना रोड सर्कल ऑफिस में प्रदर्शन करते निगम के जेई तथा एसई जोगेंद्र सिंह हुड्डा को ज्ञापन सौंपते जेई। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के तत्वावधान में जिलेभर के कनिष्ठ अभियंताओं (जेई) ने सिंघाना रोड स्थित एसई कार्यालय (सर्कल) में शॉर्टेज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान सत्यपाल ने की। इस मौके पर जेई ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की तथा बिजली निगम अधिकारियों के कान खोलने का प्रयास किया। इस मौके पर प्रधान सत्यपाल ने बताया कि जेई के खातों में लाखों रुपये शॉर्टेज की आड़ में डाले हुए हैं। यह राशि लंबे समय से बकाया चली आ रही है। कई जेई तो रिटायरमेंट तक पहुंच जाते हैं, लेकिन उनकी शॉर्टेज खत्म होती और जब वह रिटायरमेंट होने को होते हैं, उनकी रिटायरमेंट के पैसों में से ये शॉर्टेज की राशि काट ली जाती है। इससे जेई एवं उसके परिवार को बड़ी परेशानी होती है तथा मायूसी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह शॉर्टेज ट्रांसफार्मरों का तेल कम होने या उनके नट बोल्ट आदि खोने की सूरत में वसूली जाती है, जबकि ट्रांसफार्मर जेई अपने घर या खुद के फायदे के लिए नहीं चलाते, सारी जनता एवं सरकार का इसमें फायदा होता है। यदि बिजली पूरी मिलेगी और फॉल्ट आएंगे तो ट्रांसफार्मर का तेल भी जलेगा और वह कम भी होगा, लेकिन उसे जेई पर थौप दिया जाता है। इसकी आर्थिक मार जेई भुगतते आ रहे हैं, जबकि इसके अन्य कई कारण हैं। इस मौके पर उपप्रधान संदीप, जितेंद्र कुमार, सुशील कुमार, हिम्मत सिंह, राजेंद्र सोनी, वेदप्रकाश, दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### बकाया वसूली के लिए संबंधित जेई को नोटिस जारी

उन्होंने बताया कि पिछली बार की मीटिंग में शॉर्टेज का 50 प्रतिशत की छूट दी गई, लेकिन वह बकाया 50 प्रतिशत आज भी जेई के खाते में खड़ा है तथा निगम द्वारा इस बकाया वसूली के लिए संबंधित जेई को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जेई के खातों से जले हुए ट्रांसफार्मर की रिकवरी के नोटिस सात दिन में जमा करने पर भी जारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार ट्रांसफार्मर रिकवरी में कई बार समय लग जाता है। कई बार तीन से चार दिन की छुट्टियां आ जाती हैं और सप्ताह गुजर जाता है। कई बार अन्य कारण भी आड़े आ जाते हैं। इसलिए एक सप्ताह में रिकवरी का नोटिस जारी नहीं किया जाना चाहिए और न ही ट्रांसफार्मर का खर्चा जेई के खाते में डालना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर जेई पहले भी लगभग डेढ़ महीने तक निरंतर हड़ताल कर चुके हैं, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं हो सका है तथा बकाया यानि शॉर्टेज अब भी अकाउंट में खड़ा हुआ है। प्रदर्शन उपरांत एसोसिएशन के पदाधिकारी एसई कार्यालय गए तथा वहां पर एसई जोगेंद्र सिंह हुड्डा को ज्ञापन सौंपा। हुड्डा ने उनकी बातों को इत्मिनान से सुना तथा समाधान का आश्वासन दिया।



महेंद्रगढ़। विभाग के अधिकारियों एवं सरपंच प्रतिनिधि के साथ अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## डालनवास में 2 करोड़ की लागत भूजल रीचार्ज और सिंचाई प्रोजेक्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव डालनवास में दो करोड़ की लागत से भूजल रीचार्ज एवं सिंचाई प्रोजेक्ट का कार्य पूरा हो गया है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि फ्लड एजेंडा के तहत गांव डालनवास में भूजल रीचार्ज एवं सिंचाई प्रोजेक्ट का कार्य पूरा हो गया है। इसके तहत गांव की पंचायती भूमि पर 500 बाई 300 फिट का एक पक्का टैंक बनाया गया है। साथ हीं 300 बाई 200 फिट का एक कच्चा जोहड़ भी खोदा गया है। इन दोनों को आपस में पाइप लाइन के माध्यम से जोड़ा गया है, जिससे समुचित पानी मिल सके। इन दोनों को माधोगढ़ डिस्ट्रीब्यूट्री से पाइप लाइन के माध्यम से जोड़ा गया है। संदीप मालड़ा ने बताया कि पक्के टैंक के पानी का प्रयोग पंचायती भूमि में लगे पेड़–पौधों में काम आएगा तथा कच्चे जोहड़ में पानी भरने से भूजल रीचार्ज में लाभ होगा। पक्के टैंक एवं कच्चे जोहड़ के चारों तरफ टाइल लगाकर 12 फिट चौड़ा पक्का ट्रैक बनाया गया है तथा इस ट्रैक के चारों तरफ लाइट की भी व्यवस्था की गई है। कोई पशु इनमें ना गिर जाए इसके लिए बाड़ भी लगाई गई है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि ओमबीर डालनवास ने बताया कि गांव के लोग सुबह–शाम यहां सैर करने आ सकेंगे।

### माधोगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी से जोड़ा

लगभग दो करोड़ की लागत से पूरा हुआ प्रोजेक्ट, 500 मीटर एनपी 3 ग्रेड पाइप लाइन के माध्यम से माधोगढ़ डिस्ट्रीब्यूट्री से जोड़ा गया है, 500 बाई 300 का पक्का टैंक तथा 300 बाई 200 का कच्चा जोहड़ बनाया गया है। इसके अलावा दो रीचार्ज बोरवेल का प्रस्ताव भी मंजूरी के लिए भेजा गया है।

## आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता



- एसपी पूजा वशिष्ठ ने सुनी पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत

महेंद्रगढ़। लोगों की समस्यां सुनते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सहित अन्य कार्य दिवसों में कार्यालय आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनना और समयबद्ध समाधान करना प्रशासन का दायित्व है। इस दौरान एसपी पूजा वशिष्ठ व एसडीएम कनिका गोयल (आईएएस) भी मौजूद रही। एसपी ने इस दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनी। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करें। समाधान शिविर में सतनाली से आए राजकुमार ने जमीन की पैमाईश से संबंधी समस्या रखी। इसी प्रकार ईश्वर सिंह ने अपनी पेंशन, सुमित मालड़ा सराय निवासी ने प्रॉपर्टी आईडी सही करवाने, भड़फ निवासी संदीप ने जमीनी रिकॉर्ड दुरुस्त करवाने बारे समस्या रखी। इसके अलावा समाधान शिविर में बस चलवाने, अवैध कब्जे, बिजली कनेक्शन, नालों की सफाई, घरेलू झगड़े इत्यादि से संबंधित कुल 43 समस्याएं सुनीं गई।

### सरकार विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दे रही ऋण

**नारनौल।** प्रदेश सरकार की ओर से विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तीन लाख रुपये तक की ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से इस योजना के तहत जिन महिलाओं की वार्षिक आय तीन लाख रुपये या इससे कम है तथा जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष है, वह इस स्कीम का लाभ ले सकती हैं। बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सब्सिडी के रूप में अदा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये व अवधि तीन वर्ष जो भी पहले होगी। इसमें विभिन्न क्रियाकलापों बुटीक, सिलाई, कढ़ाई, ई रिक्शा, मसाला अचार इकाइयां, खाद्य प्रसंस्करण, कैरी बैग का निर्माण, बेकरी, रेडीमेड गारमेंट्स तथा अन्य किसी भी कार्य, जिसको करने में महिलाएं सक्षम हो उन सभी कार्यों के लिए ऋण दिया जाता है।

## एचकेआरएन कर्मियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन



महेंद्रगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

दी महेंद्रगढ़ सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में एचकेआरएन के माध्यम से कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों ने सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 में शामिल करने बारे बैंक महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने मांग की है कि उन्हें भी हरियाणा सरकार द्वारा संविदा कर्मचारी सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 के अंतर्गत शामिल किया जाए। इसके पश्चात सभी कर्मचारियों ने विधायक कंवर सिंह यादव को भी अपना ज्ञापन सौंपा। साथ ही महेंद्रगढ़ उप-मंडल अधिकारी कनिका गोयल के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसमें यह मांग रखी गई कि दी महेंद्रगढ़ सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, महेंद्रगढ़ (सहकारिता विभाग) में कार्यरत सभी अनुबंधित कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 में शामिल किया जाए। कर्मचारियों ने आशा व्यक्त की है कि सरकार उनकी जायज मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी और उनके सेवाकाल व भविष्य को सुरक्षित करेगी। इस बैठक की अध्यक्षता विनोद कुमार ने की।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान अजय कुमार, मनीष यादव, भगवान सिंह, शिशु, मनोज, सोनू, संजय कुमार, लीलाराम, हरीश, पूजा यादव, सुमन यादव, शालू शर्मा, नीतू सोलंकी, दीपक, मुकुल, अनिल, प्रवीन, मनींद्र, उपेन्द्र, कर्मवीर, रजनीश, विजयपाल, मनोज, धर्मवीर यादव, संदीप, सुरेन्द्र, हरेंद्र, सोनू कुमारी, उर्मिला, सतीष, अतुल रोहिल्ला, बजरंग लाल, रविकांत, ओमवीर, युधवीर, कैलाश शर्मा, पवन, मनदीप सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने आमजन को नशे के प्रति किया सतर्क

**सतनाली मंडी।** सतनाली पुलिस ने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाया। एसआई तपेंद्र ने वहां मौजूद आम नागरिकों, युवाओं व वाहन चालकों को संबोधित किया और उन्हें नशे व साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया। पुलिस ने आमजन से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शरीर को खोखला करता है, बल्कि यह हंसते खेलते परिवारों की बर्बादी का कारण भी बनता है, इसलिए युवा वर्ग को नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए और अपने आसपास नशा तस्करों की सूचना तुरंत पुलिस को देनी चाहिए।





कनीना। एआईबीई परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मिठाई बांटकर खुशी जताते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अधिवक्ताओं ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

बार एसोसिएशन के दर्जनभर अधिवक्ताओं ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिस पर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई है। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान ओपी यादव रामबास व कुलदीप यादव ने बताया कि एआईबीईए की राष्ट्रीय परीक्षा 30 नवंबर को आयोजित की गई थी। जिसमें देशभर की विभिन्न बार से जुड़े अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया था। जिसका परिणाम बुधवार देर सायं जारी किया गया। इस परीक्षा में बार एसोसिएशन के अधिवक्ता अमित कुमार कोका, मोहित यादव रसूलपुर, सुनील कुमार गुढ़ा, नाथूराम धनौंदा सहित दर्जनभर सदस्यों ने सफलता प्राप्त की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने की खुशी में पूर्व बार एसोसिएशन के प्रधान हरीश यादव, सतीश कुमार, अनिल शर्मा, अधिवक्ता सुनील राव, संत कुमार करीरा, दिनेश यादव, सुधीर कुमार, बलजीत सिंह, केवल सिंह ने मिठाई बांटकर खुशी जताई है।

**प्रशिक्षण** कार्यक्रम में खंड नांगल चौधरी से 110 शिक्षकों ने की सहभागिता

# निपुण हरियाणा मिशन के तहत शिक्षकों ने लिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

पिछड़े हुए बच्चों के लिए बेहतरीन शिक्षण योजना के बारे में बताया



नारनौल। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण सात व आठ जनवरी को पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी में आयोजित किया गया। जिसमें खंड नांगल चौधरी से 110 शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संरचित छात्र समूहण व रीमेडियल टीचिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को सुदृढ़ करना रहा। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को कक्षा पहली से तीसरी तक निर्धारित दक्षताओं में पिछड़े हुए बच्चों के लिए बेहतरीन शिक्षण योजना के बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड संयोजक अजय गोयल ने प्रत्येक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर प्रशिक्षण के सभी सत्रों का उत्साहपूर्वक व सुचारू रूप से संचालन करवाया। प्रशिक्षण के दौरान सुमित्रा यादव, रीना रानी, ज्योति तथा प्रदीप कुमार की मुख्य भूमिका रही।

शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, कक्षा प्रबंधन, मूल्यांकन तकनीकों एवं छात्र केंद्रित शिक्षण रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की प्रशंसा की

जिला शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव की इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डाइट महेन्द्रगढ़ से ऑब्जर्वर दिनेश व जिला संपर्क समन्वयक मनीष शर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी के समर्पित प्रयासों से जिला महेन्द्रगढ़ निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्यों की ओर निरंतर अग्रसर है। अजय गोयल ने सभी की रिसोर्स प्रसेंस का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सभी शिक्षकों ने इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्य को पूरी लग्न व निष्ठा के साथ ग्रहण किया। इस प्रशिक्षण में अन्य जिलों के शिक्षकों ने भी बतौर प्रशिक्षु भाग लिया। फरीदाबाद जिले में कार्यरत शिक्षक धर्मेंद्र, गजेंद्र व देवेंद्र ने न केवल केआरपीज की, बल्कि खंड नांगल चौधरी में आयोजित इस प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की। सभी शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव को विश्वास दिलाया कि प्रशिक्षण में सीखी हुई बातों को कक्षा कक्ष में क्रियान्वयन करते हुए व्यावहारिक रूप प्रदान किया जाएगा।



नारनौल। शिकायतें सुनते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविर में कुल 51 शिकायतें आई

**नारनौल।** लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने आमजन की शिकायतें सुनी। शिविर में कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकतर का निपटान मौके पर कर दिया गया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए और समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट समय पर अपडेट की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के ऑनलाइन पोर्टल व समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधे संवाद को मजबूत करना है। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पुलिस व सड़क संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई।